ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 20-04-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-04-20 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-04-21	2021-04-22	2021-04-23	2021-04-24	2021-04-25
वर्षा (मिमी)	1.0	4.0	0.0	3.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	36.0	35.0	34.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	15.0	16.0	16.0	16.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	60	65	60	55
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	30	35	30	25
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	16.0	16.0	12.0	14.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	320	120	120	70	340
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	4	0	3	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (13 – 19 अप्रैल, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 35.0 से 40.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 14.7 से 21.1 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 55 से 65 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 11 से 21 प्रतिशत एवं हवा 2.7 से 8.2 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली।आगामी पांच दिनों में आमतौर पर मौसम साफ रहेगा, लेकिन 21व 23 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 34.0 से 36.0 व 14.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0-16.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-उत्तर-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। 20 व 21 अप्रैल को कहीं-कहीं तेज हवाओं के 30 से 40 किमी/घ्ंटे की गति से चलने की भी सम्भावना व्यक्त की गई है। ईआरएफएस के अनुसार 25 अप्रैल से 1 मई के दौरान राज्य में वर्षा के सामान्य से कम तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.2-0.30 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में,21व 23 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है लेकिनआमतौर पर मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
डाइन्चा	गेहू की कटाई के बाद हरी खाद हेतु मुख्यतः ढ़ैचा एवं सनई की बुवाई अप्रैल के द्वितीय पखवाड़े मे करें तथा बीज दर 50-60 किलोग्राम/है0 रखें।
गन्ना	अगर गेहूँ की कटाई के बाद विलम्ब से गन्ना की बुवाई करनी हो तो इसे अप्रैल माह में पूरा कर लें। विलम्ब से बुवाई में को एस 88230, को एस 95255, को एस 95222, को एस97264, को पंत 84212 आदि प्रजातियों का चुनाव करें। बुवाई हेतु गन्ना के 1/3 से 1/2 ऊपरी हिस्सों को बीज में प्रयोग करें। बीजोपचार से पूर्व बीज को 24 घंटे पानी में भिगोंए। इससे जमाव में आशातील बढ़ोत्तरी होती है। बीज शोधन होतु 1 ग्राम कार्बेडाजिम 50 प्रतिशत को एक लीटर पानी की दर से घोल बनाए।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	प्याज मे पत्ती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु टेबुकोनाजोल या डिफिनोकोनाजोल या प्रोपीकोनाजोल का 500 मिली0 प्रति है0 की दर से किसी सर्वांगी कीटनाशी का स्टीकर के साथ मिलाकर छिड़काव करे। रसायनो का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।
आम	जब आम का फल मटर के दाने के बराबर हो जाय तो सिंचाई शुरू कर देनी चाहिए। फलों को गिरने से रोकने के लिए 20 पी0पी0एम0, एन0ए0ए0 (0.02 ग्राम /लीटर) का छिड़काव करना चाहिए। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओ को नया भूसा बिना पानी में भिगोयें हुए न खिलायें, अन्यथा साधारण अपच नामक रोग से ग्रसित होने का खतरा रहता है।